परम पिता के श्री चरणों मे

परमपिता के श्री चरणों में प्रणवत बारम्बार.....
(मेरा फले-फुले परिवार मेरा फले-फुले परिवार !)

बेटा मेरा मित्र के जैसा, हर पल मेरी परवाह करता,
धन और शोहरत खूब कमाये, फिर भी मेरा ख्याल है रखता,
इसकी ऐसी सेवा भक्ति से हम हो गये निहाल,
मेरा फले-फुले परिवार.....

बेटी मेरी बड़ी सयानी, घर में जैसे चिड़ियारानी,
जब ये अपने घर जायेगी, इसकी याद बहुत आयेगी,
मात पिता की मर्यादा का रखती पूरा ख्याल,
मेरा फले-फुले परिवार.....

बहुरानी ऐसी है आई, लगता है ये मेरी जाई,
घर को संभाले चतुराई से, इसकी बोली मन को भायी,
मिटा अंधेरा हुवा उजाला करती सबको प्यारा,
मेरा फले-फुले परिवार.....

जैसा मुझे परिवार मिला है, वैसा प्रभु तुम सबको देना,
आपस में मिल जुल के रहे हम ऐसी बुद्धि बनाये रखना,
तेरी कृपा से बना रहे प्रभु प्यार का यह व्यवहार,
मेरा फले-फुले परिवार.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/30473/title/param-pita-ke-shree-charno-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |